मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-64
21/02/2022

मुख्यमंत्री ने वरिष्ठ पत्रकार एवं दैनिक जागरण के पूर्व संपादक शैलेन्द्र दीक्षित के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की

पटना, 21 फरवरी 2022 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने वरिष्ठ पत्रकार एवं दैनिक जागरण के पूर्व संपादक शैलेन्द्र दीक्षित के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।

मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा कि शैलेन्द्र दीक्षित जी के निधन का समाचार अत्यंत दुखद है। उनका निधन पत्रकारिता जगत के लिये एक अपूरणीय क्षति है। वे दैनिक जागरण के बिहार, झारखण्ड एवं बंगाल संस्करणों के संपादक रहे थे। पत्रकारिता के क्षेत्र में इनके महत्वपूर्ण योगदान को हमेशा याद किया जायेगा।

मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शान्ति तथा उनके परिजनों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

******